# बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 20.06.2026 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 5.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय, कन्नौज में मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. जिला विकास अधिकारी, कन्नौज।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।
3. प्रतिनिधि जी०वी०पी०आर० हैदराबाद।
4. प्रतिनिधि वी०एस०ए० इन्फ्रा हैदराबाद।
5. प्रतिनिधि डी०पी०एम०यू० कन्नौज।
6. प्रतिनिधि टी०पी०आई०, कन्नौज।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा दोनों संस्थाओं की पृथक–पृथक समीक्षा करते हुए निम्नवत् निर्देश दिए गये।

**1–भारत सरकार / दर्पण पोर्टल पर रैंकिंग:–** समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 268288 है, जो 97.73 प्रतिशत है, जो कि प्रदेश में 36वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 492 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 71.59 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 06वें स्थान पर है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम कन्नौज को जनपद की एफ०एच०टी०सी० प्रगति बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये। हर घर कनेक्शन दर्पण पोर्टल की समीक्षा का बिन्दु है, इसलिए इसे शत प्रतिशत तक करने का निर्देश दिया गया।

**1–वी०एस०ए० इन्फ्रा:** वी०एस०ए० इन्फ्रा द्वारा 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गाँव एव 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष सभी 138 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी० पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1379 किमी० पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 06 किमी० पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ०एच०टी०सी० 83264 के सापेक्ष 76831 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गाँव के सापेक्ष मात्र 48 ग्राम सर्टिफाइड हुए हैं। अभी भी 118 के सापेक्ष 59 ओ०एच०टी० का कार्य पूर्ण होना शेष है। ओ०एच०टी० निर्माण एवं सर्टिफिकेशन में वी०एस०ए० इन्फ्रा की प्रगति अत्यन्त खराब पायी गयी, जिसके लिए उनको कार्यों में सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया। मैसर्स वी०एस०ए० इन्फ्रा द्वारा अगले सप्ताह तक ओ०एच०टी० 01 एवं सर्टिफिकेशन 02 ग्रामो में कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। इनकी प्रगति अत्यन्त दयनीय होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी।

**2–जी०वी०पी०आर०:–** जी०वी०पी०आर० की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गाँव एवं 249 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष सभी 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी० पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी० पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाईप लाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ०एच०टी०सी० 114482 के सापेक्ष 114057 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 188 परियोजनाओं के 327 राजस्व गाँव के सापेक्ष 296 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं। अभी 181 ओ०एच०टी० का कार्य पूर्ण है। कोई भी ओ०एच०टी० शेष नहीं है।

Scanned with OKEN Scanner

गत बैठक में जी०वी०पी०आर० द्वारा एक ग्राम सर्टिफाइड कराया गया है। फर्म द्वारा अगले सप्ताह तक 03 ग्रामों का सर्टिफिकेशन कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है ।

**मुख्य निर्देश :-**

1. अधिशासी अभियन्ता जल निगम कन्नौज को अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त मार्गों का पुनरुद्धार प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश दिये गये।

2. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के छूटे हुये गृह नल संयोजन कराये जाने हेतु फर्मों को निर्देशित किया गया है।

3.नल जल मित्र का चयन 637 के सापेक्ष 435 है। जिस हेतु समस्त विकास खण्डों में नल जल मित्र का चयन लक्ष्य के सापेक्ष ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

4.जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पूर्ण करायी गयी योजनाओं को जल अर्पण कार्यक्रम के अन्तर्गत दोनों फर्मों को इस हफ्ते में मै0 जी.वी.पी.आर. इंजीनियर्स को 6 जल अर्पण तथा मै0 वी.एस.ए. इन्फ्रा को 2 जल अर्पण कराने के निर्देश दिये गये हैं।

Digitally signed by
ASHOK KUMAR RAO
Date: 03-07-2026
11:11:45

(ए0 के0 राव)
अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय
उ०प्र०जल निगम (ग्रामीण)
कन्नौज ।

**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) कन्नौज ।**

पत्रांकः– 1568 / M-7 / 81 दिनांकः– 03/07/26

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रवन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कन्नौज।
5. जिला विकास अधिकारी, कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद कन्नौज।
8. मैसर्स जी०वी०पी०आर० इन्जी० लि० मि० हैदराबाद।
9. मैसर्स वी०एस०ए० इन्फ्रा हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner